मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 45 ■ अंक : 225 ■ मंगलवार 2 दिसंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**धार्मिक भावनाएं आहत करने का रणवीर सिंह पर आरोप**

# चुनाव स्थगित; अंबरनाथ में सन्नाटा

■ आज 2 दिसंबर को होना था मतदान | ■ 4 दिसंबर को नया कार्यक्रम होगा जारी | ■ 20 सितंबर को हो सकते हैं चुनाव | ■ उम्मीदवारों का भविष्य दांव पर | ■ भाजपा-शिवसेना में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नपा के चुनाव 18 दिन आगे ढकेल दिए जाने के कारण कई गरीब उम्मीदवार, जिन्होंने अपनी जमा पूंजी चुनाव में लगा दिया था, वह काफी परेशान हैं. शहर में ज्यादातर उम्मीदवारों के कार्यलय सुबह से ही बंद दिखाई दिए.

उम्मीदवारों का ये कहना है कि अब 18 दिन के प्रचार के लिए पैसा कहां से लाएं. कुछ गरीब उम्मीदवारों ने तो सोना गिरवी रख कर या बेचकर प्रचार में रकम लगा दिया. अब वह कंगाल हो गए हैं. एक दिसंबर प्रचार के आखिरी दिन एवं 2 दिसंबर को चुनाव के दिन के लिए कुछ रकम उम्मीदवारों ने बचाया था. अब 20 दिसंबर तक प्रचार कैसे करें और पैसे कहां से लाएंगे. ये एक बड़ा प्रश्न उम्मीदवारों के सामने खड़ा हो गया है. एक उम्मीदवार ने रोष में ये तक कह दिया चि चुनाव आयोग की मनमानी उनको आत्महत्या करने पर मजबूर कर रही है. चुनाव आगे ढकेलने से शहर में सन्नाटा छा गया है. लाउट स्पीकर पर किए जा रहे प्रचार बंद हो गए हैं. कुछ उम्मीदवारों ने घर-घर जकर अपने पम्फलेट तक खत्म कर दिये हैं. घर-घर का प्चरा और सड़क का प्रचार अब ठंडा हो गया है. चुनाव आयोग पर से लोगों को विश्वास उठ गया है. 20 दिसंबर को भी चुनाव होंगे या नहीं ये कहा जा रहा है. 6 वर्षों बाद जिस जोश के साथ उम्मीदवारों ने नामांकन भरा, प्रचार किया. चुनाव आगे ढकेले जाने के बाद वह जोश अब खत्म होता दिखाई दे रहा है. शहर की खामोशी और सन्नाटा चुनाव आयोग को कोस रहा है. कई उम्मीदवार अपना सर पकड़ कर रो रहे हैं.




## अंबरनाथ में शिवसेना का हंगामा

■ चुनाव अधिकारी का घेराव, नारेबाजी

■ शिवसैनिक नपा कार्यालय में घुसे



■ चुनाव आयोग अब आज़ाद नहीं रहा, सत्ताधारी या किसी खास पार्टी के फ़ायदे के लिए काम करता है

■ शिवसेना ज़िला प्रमुख गोपाल लांडगे ने आरोप लगाया

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव आगे ढकेले जाने से शिवसेना एकदम आक्रामक हो गई है. शिवसेना के नेताओं ने सोमवार को अंबरनाथ नपा कार्यालय में जोरदार नारेबाजी की. चुनाव निर्णय अधिकारी कार्यालय में घुसकर चुनाव आयोग के विरोध में नारेबाजी करके इसे लोकशाही का अंत बताकर ये चुनाव आयोग की मनमानी है, बोलकर निषेध व्यक्त किया. कल्याण शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, शहर प्रमुख अरविंद वालेकर एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ चुनाव अधिकारी का घेराव करके उनसे जवाब तलब किया और पूछा कि चुनाव क्यों स्थगित किए गए हैं. इसका जवाब दो, लेकिन अधिकारी द्वारा सही जवाब नहीं देने से सभी भड़क गए और नारेबाजी करते हुए अपना रोष व्यक्त करते हुए कार्यालय से बाहर आकर गोपाल लांडगे ने पत्रकारों को बताया कि ये राजकीय दबाव के कारण चुनाव स्थगित किया गया है. बिना कारण चुनाव को आगे ढकेलना ये लोकशाही का अपमान है. मतदाताओं का अपमान है. ऐसा उन्होंने कहा है. अंबरनाथ के मतदाता गत 25 वर्षों से शिवसेना को ही विजयी बनाते हैं. न्यायालय का नियमों का और कोई दूसरी गड़बड़ ना होते हुए फिर भी चुनाव को स्थगित किया जाना ये लोकशाही का अपमान है. ऐसा लांडगे ने कहा है. चुनाव आयोग राजकीय दबाव के आगे काम कर रहा है. ऐसा आरोप लांडगे ने लगाया. शाम में भी सांसद श्रीकांत शिंदे ने एक हॉल में उम्मीदवारों कार्यकर्ताओं की सभा लेकर कहा कि उम्मीदवारों को चुनाव के लिए बहुत समय और मिला है. प्रचार पर लग जाओ हमारी सीटें और भी ज्यादा आएंगी और 18 दिन का समय अभी हम लोगों को मिला है, उसका फायदा उठाएं.

## अंबरनाथ नपा चुनाव वालेकर के कारण आगे धकेला गया

■ भाजपा ने शिवसेना पर लगाया आरोप



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव को स्थगित करने का कारण वालेकर हैं. उनके परिवार से साधना राजेंद्र वालेकर ने नगराध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था और भाजपा की नगराध्यक्ष उम्मीदवार तेजश्री विश्वजीत करंजुले की उम्मीदवारी के खिलाफ वह न्यायालय में गई थी. लेकिन न्यायालय में उन्होंने कोई लिखित उत्तर पेश नहीं करने से और न्यायालय का नतीजा 23 नवंबर के बाद आने के कारण अंबरनाथ नपा का 2 दिसंबर का चुनाव स्थगित करके 20 दिसंबर को रखा गया है. ऐसा खुला आरोप भाजपा शहर अध्यक्ष अभिजीत करंजुले पाटिल ने पत्रकार परिषद में लगाया है. उन्होंने ये भी आरोप लगाया है कि साधना वालेकर ने न्यायालय का नतीजा आने से पूर्व ही नगराध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस ले लिया था. उनका मकसद केवल भाजपा की नगराध्यक्ष उम्मीदवार तेजश्री करंजुले को परेशान करना था. जब चुनाव लड़ना ही नहीं था, तो उन्होंने नामांकन इसलिए भरा था कि तेजश्री के खिलाफ केस फाइल किया जा सके. ऐसा आरोप पत्रकार परिषद में उपस्थित एड. मारोती ढेरे ने लगाते हुए कहा कि शहर में ये अफवाह फैलाई गई कि एड. ढेरे के कारण चुनाव आगे ढकेला गया है, जो कि सरासर झूठ है. जबकि ढेरे ने तेजश्री के लिए कोर्ट में पैरवी भी नहीं की. उन्होंने कहा कि साधना राजेंद्र वालेकर के कारण ये चुनाव आगे किया गया है, जिसके कारण सभी उम्मीदवार, मतदाता, चुनाव अ धिक ार ी- क र्मच ार ी, शहरवासी परेशान हो गए हैं. चुनाव 18 दिन आगे किए जाने से सभी परेशानी में आ गए हैं. उसके कारण केवल वालेकर है. ऐसा आरोप दोनों ने लगाया है.

## उल्हासनगर में शिवसेना-BJP में टकराव

■ 'PM आवास' पर राजनीतिक भूचाल



**उल्हासनगर.** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर उल्हासनगर में राजनीतिक लड़ाई चरम पर पहुंच गई है। शिवसेना शिंदे ग्रुप के शहर प्रमुख राजेंद्रसिंह भुल्लर महाराज ने इस योजना का विरोध करते हुए सीधे कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिससे शहर की राजनीति में बड़ा भूचाल आ गया है।

अपनी कानूनी लड़ाई का कारण बताते हुए राजेंद्रसिंह भुल्लर महाराज ने सत्ताधारी BJP को सीधे चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि घर मिलना चाहिए, लेकिन कानून तोड़कर नहीं। विकास चाहिए, लेकिन भ्रष्टाचार से नहीं! उनके अनुसार, यह विरोध राजनीतिक नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए है। उन्होंने प्रोजेक्ट में निम्नलिखित गंभीर गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार की ओर इशारा किया।

उल्हासनगर BJP ने पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और गंभीर आरोप लगाया कि शिवसेना शिंदे ग्रुप के शहर प्रमुख राजेंद्रसिंह भुल्लर महाराज ने इस योजना का विरोध करते हुए हाई कोर्ट में रिट पिटीशन दायर की है। BJP MLA कुमार ऐलानी, ज़िला अध्यक्ष राजेश वढारिया और पूर्व ज़िला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी के मुताबिक, शिवसेना एक तरफ़ इस स्कीम का क्रेडिट ले रही है, वहीं दूसरी तरफ़ उसके ही सीनियर नेता कोर्ट में चैलेंज करके प्रोजेक्ट को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जो साफ़ तौर पर नागरिकों को गुमराह करने जैसा है।

राजेंद्रसिंह भुल्लर महाराज ने इन आरोपों का साफ़ जवाब दिया। उन्होंने साफ़ किया कि उनका विरोध BJP या शिवसेना से नहीं है। उन्होंने कोर्ट का दरवाज़ा सिर्फ़ इसलिए खटखटाया ताकि काम सिस्टमैटिक और लीगल तरीके से हो। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट से जुड़े डॉक्यूमेंट्स, प्लॉट का पज़ेशन, रिज़र्वेशन स्टेटस और DPR को ठीक से रिकॉर्ड किए बिना ही टेंडर निकाल दिए गए हैं। जिससे बड़ी संख्या में गड़बड़ियां हुई हैं।

### CID से जांच हो

भुल्लर महाराज ने PMC की नियुक्ति पर भी गंभीर शक जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि 723 करोड़ में से कम से कम 361 करोड़ के काम के अनुभव वाली कंसल्टेंसी को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नियुक्त करने की उम्मीद थी, लेकिन प्रोजेक्ट बिना ज़रूरी अनुभव वाली कंसल्टेंसी को दे दिया गया। इसमें भ्रष्टाचार का शक जताते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ सेंट्रल विजिलेंस कमीशन में शिकायत दर्ज कराई है और मामले की ACB और CID से जांच कराने की भी मांग की है।

## वालधुनी में चाकू की नोक पर उबर ड्राइवर को लूटा

**कल्याण.** कल्याण के वालधुनी इलाके में एक उबर ड्राइवर को गाड़ी में बैठे एक पैसेंजर ने चाकू की नोक पर लूट लिया। पैसेंजर ने शुरू में अपने मोबाइल पर उबर ऐप पर रजिस्टर किया था कि वह बांद्रा जाना चाहता है। पैसेंजर ने कार को कल्याण वेस्ट ले जाने के बाद, उसने उससे कार वालधुनी ले जाने को कहा. उस इलाके में उबर ड्राइवर को चाकू की नोक पर लूटा लिया.

उबर ड्राइवर का नाम मोहम्मद उद्दीन है। वह अंधेरी में रहता है। शुक्रवार शाम को उबर ड्राइवर मोहम्मद उद्दीन एक पैसेंजर को छोड़ने कल्याण आया था। कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन इलाके में, एक पैसेंजर ने मुंबई में बांद्रा जाने के लिए उबर के लिए रजिस्टर किया था। मोहम्मद ने इस पैसेंजर को कल्याण रेलवे स्टेशन के पास दीपक होटल के सामने वाली सड़क से अपनी कार में पिक किया।

कार स्टार्ट होने के बाद, कार में बैठे पैसेंजर ने कहा कि वह कल्याण ईस्ट के वालधुनी अशोकनगर भिवंडीवाला चॉल इलाके से एक और पैसेंजर, मेरे दोस्त को पिक करना चाहता है। इसलिए मोहम्मद ने कार वालधुनी इलाके की तरफ मोड़ दी। कार वालधुनी इलाके में रेलवे क्वार्टर के अंधेरे इलाके में जाने के बाद, कार में बैठे पैसेंजर ने ड्राइवर मोहम्मद से उसका मोबाइल फोन मांगना शुरू कर दिया। ड्राइवर ने उसे देने से मना कर दिया। उस समय, पैसेंजर ने पास में रखा चाकू निकाला और मोहम्मद की गर्दन पर रख दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी।

## कुलगांव-बदलापुर नपा की 44 सीटों के लिए आज चुनाव

■ 5 वार्ड में 20 दिसंबर को वोटिंग

■ बाकी सीटों के लिए आज मतदान




### नगर परिषद की 5 सीटों के लिए चुनाव टले

कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद में कुल 24 वार्ड हैं, जिनमें से 19 वार्ड में चुनाव प्रक्रिया पहले की तरह 2 दिसंबर को ही होगी। लेकिन, जिन पांच वार्डों के लिए रिवाइज्ड चुनाव होंगे, उनमें वार्ड नंबर 5 A, वार्ड नंबर 8 A, वार्ड नंबर 10 B, वार्ड नंबर 15 B और 17 A के लिए वोटिंग 20 दिसंबर को होगी। पांच वार्डों के लिए रिवाइज्ड चुनाव होंगे और इन सीटों के अलावा बाकी 44 सीटों के लिए चुनाव 2 दिसंबर को ही होंगे।

**बदलापुर.** कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद के 5 वार्डों के लिए चुनाव प्रक्रिया कुछ समय के लिए टाल दी गई है। इन वार्ड में उम्मीदवारी पर अपील के फैसले में देरी के कारण, राज्य चुनाव आयोग ने इन सीटों के लिए अलग-अलग बदली हुई वोटिंग तारीखों की घोषणा की है, जिसके कारण नगर परिषद के आम चुनाव कार्यक्रम में कुछ बदलाव किए गए हैं। कुलगांव-बदलापुर आम चुनाव की वोटिंग प्रक्रिया आज 2 दिसंबर को होगी। इस वोटिंग प्रक्रिया में कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद के सभी 24 वार्ड में वोटिंग प्रक्रिया होगी।

जिन वार्ड और सीटों पर चुनाव को लेकर अपील फाइल की गई थी, उन पर 22 नवंबर तक फैसला आना था। ताकि संबंधित उम्मीदवार को महाराष्ट्र म्युनिसिपल इलेक्शन रूल्स-1966 के रूल 17 (1) (b) के अनुसार अपना नॉमिनेशन वापस लेने के लिए तीन दिन का समय मिल सके। कुलगांव बदलापुर म्युनिसिपल काउंसिल चुनाव के आम फैसले के कारण कुल 6 अपील फाइल की गई थीं। इन छह उम्मीदवारों के नॉमिनेशन पेपर में कई तरह की गलतियां थीं। इस कारण नॉमिनेशन पेपर रिजेक्ट कर दिए गए।

इन छह मामलों में कोर्ट ने 25 नवंबर को फैसला सुनाया है। चूंकि फैसला आने के बाद इन उम्मीदवारों को कम से कम तीन दिन का समय देने का प्रावधान है, इसलिए राज्य चुनाव आयोग ने अब इनमें से पांच के लिए 29 नवंबर को चुनाव का बदला हुआ शेड्यूल घोषित किया है।

### वोटिंग की तारीखों का ऐलान

पांचों सीटों पर नगरसेवकों के चुनाव के लिए वोटिंग 20 दिसंबर को होगी। उस समय सिर्फ नगरसेवक पद का चुनाव होगा। नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवार इस दिन वोट नहीं डाल पाएंगे। जबकि, नगराध्यक्ष पद के लिए वोटिंग 2 दिसंबर को ही हो सकेगी, यह जानकारी कुलगांव बदलापुर नगर परिषद आम चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर विश्वास गूजर ने रविवार (30 नवंबर) को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

## 3 बच्चों के अपहरण की कोशिश नाकाम

■ आरोपी धराया

**कल्याण.** सेंट्रल रेलवे के विट्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने एक चोर को पकड़ा, जिसने 7 से 10 साल की दो लड़कियों और एक लड़के को यह कहकर किडनैप करने की कोशिश की कि मैं तुम्हारा मामा हूं। तुम्हें खाने के लिए चॉकलेट दूंगा.

बच्चों को उनके परिवार को सौंप दिया गया। उसके बाद विट्ठलवाड़ी रेलवे पुलिस और बच्चों की मां चोर को कल्याण लोहमार्ग पुलिस स्टेशन ले आई। वहां बच्चों की मां की शिकायत पर पुलिस ने चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

चोर का नाम सूरजकुमार विजयनारायण गुप्ता (33) है। वह अंबरनाथ के संगठन चौक इलाके में रहता है। शिकायत करने वाली महिला का नाम मनीषा संजय वर्मा है। वह अपने पति के साथ विट्ठलवाड़ी ईस्ट इलाके में अपने परिवार के साथ रहती है। उसका पति टेलर है। मनीषा घरेलू नौकरानी का काम करती है। इस महिला के तीनों बच्चे विट्ठलवाड़ी के गोदाताई परुलेकर विद्यालय में पढ़ते हैं। शनिवार को बच्चों के स्कूल की छुट्टी थी। इसलिए मनीषा अपने तीनों बच्चों को साथ लेकर विट्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन गईं। उन्होंने बच्चों को वहां थोड़ी देर रोका और फिर शांतिनगर इलाके में अपने पति को लंच बॉक्स देने चली गईं। मनीषा के बच्चों को विट्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के बाद, सूरज कुमार गुप्ता वहां आए। उन्होंने मनीषा की एक बेटी को यह झूठ बोलकर ले जाने की कोशिश की कि वह तुम्हारे सूरज अंकल हैं। चलो, मैं तुम्हें चॉकलेट दूंगा।

## गोल मैदान इलाके में 'फ्रीस्टाइल' लड़ाई!



■ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-2 के गोल मैदान इलाके में किसी फिल्म की लड़ाई जैसा सीन देखने को मिला। बीच सड़क पर शुरू हुई मारपीट का पूरा सीन वहां के एक नागरिक ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया और यह वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो गया है।

उल्हासनगर कैंप-2 के गोल मैदान रोड पर एक और व्यक्ति पर बेरहमी से हमला किया गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक व्यक्ति रॉड जैसी कोई चीज लिए हुए है और दूसरा व्यक्ति पीछे से आकर उस पर लगातार हमला कर रहा है। व्यक्ति को सड़क पर गिराने के बाद वह उसे पैरों से बेरहमी से पीट रहा है। इसी बीच, हमला होते देख उसके साथ मौजूद एक महिला दौड़कर आगे आती है और हाथ में बांस लेकर हमलावर का विरोध करने की कोशिश करती है। देखते ही देखते कुछ ही देर में सड़क पर देखने वालों की भीड़ जमा हो गई और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। डर और घबराहट के कारण कई लोग दूर खड़े होकर अपने मोबाइल फोन पर पूरी घटना का वीडियो बनाते दिखे। हालांकि, हमले के पीछे की सही वजहें अभी साफ नहीं हैं और हमलावर और घायलों के बीच बहस किस बात पर हुई, इस बारे में भी कोई पक्की जानकारी नहीं है।

## वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ीं

**बदलापुर.** बदलापुर इलाके में गाड़ी चोरी की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं, और दो अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटनाएं सामने आई हैं।

बदलापुर ईस्ट के शिरगांव इलाके के अमित पार्क में रहने वाले रिक्शा ड्राइवर संदीप गोपी प्रसाद शर्मा (27) का रिक्शा (MH-05 DZ-4852) कर्जत हाईवे इलाके से चोरी हो गया। शर्मा ने 18 नवंबर की रात 10 बजे रिक्शा को एसेस मोटर के सामने पार्क किया था; लेकिन, उन्हें 25 नवंबर की शाम को पता चला कि रिक्शा चोरी हो गया है। शिकायत दर्ज कराई गई है कि लगभग 50 हजार रुपये की यह रिक्शा किसी अज्ञात चोर ने चुरा ली।

दूसरी घटना में, विनायक रामचंद्र पवार (46) की सफेद टू-व्हीलर (MH-05-CS-1337) चोरी हो गई। चोरी शुक्रवार (गुरुवार 28) को दोपहर 3.45 बजे से रात 11.30 बजे के बीच कुलगांव-बदलापुर न्यू म्युनिसिपैलिटी गेट के पास हुई। लगभग 10,000 रुपये की कीमत वाली गाड़ी दीवार से लॉक थी, जब चोर ने उसे चुराया। इस मामले में भी केस दर्ज कर लिया गया है, और शिवाजीनगर पुलिस आगे की जांच कर रही है।






**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## चर्चा से ही होगा समाधान

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में विपक्ष की ओर से जो कुछ कहा गया, उससे यही साफ हुआ कि इस सत्र में अन्य अनेक मुद्दों के साथ मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का मुद्दा जोर-शोर से उठेगा। विपक्ष को संसद में किसी भी मुद्दे को उठाने का अधिकार है, लेकिन आखिर विपक्षी दल एसआइआर को लेकर सरकार से ऐसा क्या जानना चाहते हैं, जो उन्हें नहीं ज्ञात?

यह भी ध्यान रहे कि यह सरकार की ओर से संचालित प्रक्रिया नहीं है। इसे तो चुनाव आयोग अपने संवैधानिक अधिकार के तहत करा रहा है और इसलिए करा रहा है, क्योंकि बीते लगभग दो दशक में इसे नहीं किया गया। इसके कारण मतदाता सूचियों में उन तमाम लोगों के नाम दर्ज हैं, जो या तो मर गए अथवा अन्यत्र चले गए। इसके अलावा कई नामों का दोहराव है।

मतदाता सूचियां तभी ठीक हो सकती हैं, जब एसआइआर कराया जाए, लेकिन विपक्षी दलों को इस पर ही आपत्ति है। यह कोई बात नहीं हुई कि मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने की मांग भी की जाए और एसआइआर पर आपत्ति भी उठाई जाए। विपक्ष इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकता कि बिहार में एसआइआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लंबी सुनवाई के दौरान उनके वकीलों की ओर से इस संवैधानिक प्रक्रिया के विरोध में जो भी दलीलें दी गईं, वे ठहर नहीं सकीं। इसी कारण बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया संभव हो सकी।

हालांकि विपक्ष 12 राज्यों में जारी एसआइआर का भी विरोध कर रहा है, लेकिन इसके कहीं कोई संकेत नहीं कि वह उसे रुकवा सकेगा। संसद के इस सत्र में विपक्ष एसआइआर पर जैसे चाहे वैसे सवाल उठा सकता है, लेकिन ऐसा करते हुए उसे ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे संसदीय कार्यवाही बाधित हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अब कोई मुद्दा उठाने अथवा सवाल पूछने के नाम पर ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दी जाती हैं जिससे सदन की कार्यवाही चलाना मुश्किल हो जाता है।

विपक्षी दलों के नेता भले ही अपनी बात की सुनवाई न होने की शिकायत करते हों, लेकिन सच यह है कि वे चाहते ही नहीं कि उनकी ओर से उठाए गए किसी मुद्दे पर सदन में कोई गंभीर चर्चा हो सके। चूंकि अब संसद का प्रत्येक सत्र हंगामे के लिए जाना जाता है, इसलिए संसद को चलाने के कुछ नए तौर-तरीके अपनाने होंगे।

# लोकतंत्र की सेहत पर सवाल, बढ़ता मौन गहरी चिंता

दिल्ली में सर्दियां शुरू हो गई हैं, लेकिन राजधानी में राजनीतिक पारा चढ़ने वाला है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। एक दिसंबर से शुरू होने वाला यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। यानी संसद करीब 15 दिन ही चलेगी। यह सूचना भले ही प्रशासनिक कागजों में दर्ज हो, पर उसके भीतर देश की राजनीति की एक गहरी बेचैनी छिपी है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब संसद के सत्र छोटे होने लगते हैं तो यह कुछ और नहीं जनता की आवाज का सिकुड़ना ही है।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में जहां पांच सौ से अधिक लोकसभा सदस्य और ढाई सौ के करीब राज्यसभा सदस्य जनता की आवाज लेकर सदन में पहुंचते हैं, वहां सवाल यह है कि क्या इन सात सौ अस्सी से अधिक प्रतिनिधियों को मात्र पंद्रह दिनों में अपनी बात कहने का अवसर मिल पाएगा? यह गणित जितना सरल दिखता है, उतना ही खतरनाक है। अगर हर सांसद को अपने क्षेत्र की ओर से सिर्फ पांच मिनट बोलने का ही अवसर मिले, तो पैंसठ घंटे से अधिक समय चाहिए। जबकि पूरे सत्र में मुश्किल से नब्बे घंटे की कार्यवाही होती है। उसमें प्रश्नकाल, विधेयक, औपचारिक भाषण और सरकार के एजेंडे का समय जोड़ दें तो बहस के लिए क्या बचता है? शायद वही, जो लोकतंत्र के पास अब धीरे-धीरे बचा रह गया है बहुत कम समय और बहुत लंबा मौन।

संसद को लोकतंत्र का आत्मा कहा जाता है। यह वह जगह है जहां असहमति को जगह मिलती है और बहस के जरिये सच्चाई निकलती है।



यहां जनता के सवालों को सत्ता के सामने रखा जाता है, पर पिछले कुछ वर्षों में यह आत्मा थका-सा लगने लगा है। संसद अब बहस का नहीं, बल्कि विधेयक पारित करने का केंद्र बनती जा रही है। कई बार तो लगता है कि विधेयक पहले से तय होकर आते हैं और संसद सिर्फ उस पर मुहर लगाने की औपचारिकता निभाती है। लोकतंत्र में संवाद सबसे बड़ी ताकत होती है, पर जब संवाद घटता है, तो लोकतंत्र सिर्फ औपचारिक शब्द बनकर रह जाता है। लोकतांत्रिक सरकार का अर्थ केवल सत्ता पक्ष नहीं होता, बल्कि विपक्ष भी उसका हिस्सा होता है। विपक्ष कोई विरोधी दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र का दूसरा फेफड़ा है। जब एक पक्ष बोलता है और दूसरा सुनता है, तभी यह प्रणाली सांस लेती है, मगर अब वह सांस घुटने लगी है। संसद में विपक्ष के बोलने के समय को सीमित किया जाना, असहमति को विघ्मान लेना और सवाल पूछने वालों को 'अव्यवस्थित' करार देना, यह लोकतंत्र के चरित्र में आई सबसे खतरनाक प्रवृत्ति है। सत्ता को हमेशा सवालों की जरूरत होती है, क्योंकि सवाल ही उसे जमीन पर रखता है, लेकिन जब सवाल पूछने वाले कम हो जाएं या उनकी आवाज दबा दी जाए तो सत्ता जवाबदेह नहीं रहकर आत्मसंतुष्ट हो जाती है।

स्वतंत्रता के आरंभिक दो दशकों में संसद साल में औसतन एक सौ बीस से अधिक दिन चलती थी। अब वह संख्या आधी रह गई है। शीतकालीन सत्र का पंद्रह दिनों तक सीमित रहना उसी गिरावट का हिस्सा है। यह सिर्फ समय की कमी नहीं, अपितु लोकतांत्रिक संस्कृति के सिकुड़ने की कहानी है। संसद को अब जनता के सवालों से ज्यादा अपने कार्यक्रमों की चिंता है। बेरोजगारी, महंगाई, किसान संकट या शिक्षा पर चर्चा पीछे खिसक गई है। संसद वह जगह थी जहां जनता बोलती थी, अब वह जगह बन गई है जहां सरकार बोलती है और बाकी सिर्फ सुनते हैं।

सवाल पूछना लोकतंत्र का अपराध नहीं, उसका सबसे बड़ा कर्तव्य है। हर सांसद जब अपनी सीट से खड़ा होकर कोई प्रश्न पूछता है, तो वह अपने क्षेत्र की जनता की तरफ से बोलता है। जब उसे बोलने से रोका जाता है, तो यह एक तरह से उस जनता को चुप कराने जैसा है जिसने अपने वोट से उसे संसद तक पहुंचाया। यही कारण है कि संसद में कम होते सवाल, कम होते सत्र और बढ़ता मौन एक गहरी चिंता पैदा करते हैं। लोकतंत्र की ताकत बहस में होती है और जब बहस सिमटने लगे तो समझना चाहिए कि लोकतंत्र की सेहत गिर रही है।




**जितना अधिक हम प्रभु के और अपनी आत्मा के नजदीक आते हैं, उतना ही अधिक हम दूसरों की तकलीफों के प्रति करुणा से भर जाते हैं।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# सरकार के ताजा आंकड़ों पर उठ रहे सवाल

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आने वाली सकारात्मक खबरें निश्चित तौर पर एक राहत का संदेश होती हैं। खासतौर पर जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुस्तरीय उथल-पुथल के बीच देश कई विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा हो, आर्थिक विकास दर में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी के आंकड़े बताते हैं कि अगर समाधानमूलक उपायों को लागू करने को लेकर संजीदगी बरती जाए, तो रास्ते निकाले जा सकते हैं।

ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 8.2 फीसद बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि करीब सात फीसद के अनुमान से अधिक है।

दरअसल, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, कारखाना उत्पादन में तेजी और सेवा क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के बेहतर नतीजे सामने आए। सही है कि इस समय कृषि क्षेत्र सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, लेकिन कारखाना उत्पादन और सेवा क्षेत्र में तेज प्रगति देखी गई, जिसने कृषि क्षेत्र में आई शिथिलता को बेअसर कर दिया।

जाहिर है, जीडीपी वृद्धि दर के ताजा सरकारी आंकड़े को आर्थिक मोर्चे पर एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन अगर इसका असर जमीनी स्तर पर भी स्पष्ट दिखे और जनता को उसका लाभ सीधे महसूस हो, तभी इसका कोई अर्थ है।




निश्चित तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई शुल्क नीति के दायरे में भारत भी है और इससे इसके निर्यात क्षेत्र पर खासा प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग जगहों पर युद्धों और अन्य अनिश्चितताओं के कारण भी बहुत सारे देशों की अर्थव्यवस्थाएं लगातार बचाव या जद्दोजहद की स्थिति से गुजर रही हैं। ऐसे में अगर भारत ने वृद्धि दर के मोर्चे पर अनुमान से अधिक हासिल किया है, तो यह अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है। मगर सवाल यह है कि जिस महंगाई दर के आंकड़े के आधार भी वृद्धि दर के आंकड़े में शामिल माने जाते हैं, क्या उसमें वास्तव में इतनी कमी आई है? महंगाई दर के कम होने को लेकर सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के बरक्स यह छिपा नहीं है कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों के मामले में आम लोगों के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं।

### क्यों उठ रहे सवाल?

यह बेवजह नहीं है कि सरकार के ताजा आंकड़ों पर कुछ सवाल उठ रहे हैं और कहा जा रहा है कि जब तक निजी निवेश और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वास्तविक उछाल नहीं आता, तब तक ऐसे आंकड़े टिकाऊ नहीं हो सकते। दूसरी ओर, सरकार की ओर से जीडीपी वृद्धि दर को लेकर ये आकलन ऐसे समय जारी किए गए, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपनी एक रपट में भारत की अर्थव्यवस्था के वार्षिक मूल्यांकन में यहां के राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में गंभीर खामियां बताते हुए इन्हें 'सी' श्रेणी में रखने की बात कही है।

आंकड़ों की गुणवत्ता के लिहाज से इसे दूसरा सबसे निचला स्तर माना जाता है। आइएमएफ की रपट चिंता का कारण इसलिए भी है कि इसकी रपटों के आधार पर कई बार उपलब्धियों को सकारात्मक बताया जाता है, तो इसकी ओर से भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में ताजा आकलन को किस संदर्भ में देखा जाएगा। जो हो, जीडीपी वृद्धि दर को लेकर एनएसओ के आंकड़े अगर अर्थव्यवस्था के वास्तविक धरातल पर सही हैं, तो यह देश के लिए राहत की बात है।

# बियर की बोतल के ढक्कन पर सिर्फ 21 धारियां ही क्यों होती हैं?

हम में से बहुत से लोगों को बियर पीने की आदत होती है. ओपनर से बियर बोतल का ढक्कन खोलकर या पट्टी से ढक्कन हटाकर पीते हैं.

### जरा हट के

लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि ढक्कन पर बिल्कुल 21 धारियां होती हैं? निश्चित रूप से आपने ध्यान नहीं दिया होगा, क्योंकि पीने की इच्छा रखने वाला बियर के बोतल के अंदर की चीज के बारे में सोचता है न कि बोतल के ढक्कन के बारे में.

यह 21 धारियों वाला डिजाइन लगभग 130 साल पुराना है. 1892 में यह क्राउन कैप की खोज हुई थी. इस दिलचस्प बात को एक डिजिटल क्रिएटर ने इंस्टाग्राम के माध्यम से शेयर किया. इस ढक्कन को खोजा था विलियम पेंटर नामक आविष्कारक ने. ये बाल्टीमोर की क्राउन कॉर्क सील कंपनी के संस्थापक भी थे.



21 धारियों के पीछे इंजीनियरिंग का रहस्य..: विलियम पेंटर ने बियर की गंध न जाने देने और ताजा बुलबुले (कार्बोनेशन) बरकरार रखने के लिए ढक्कन के डिजाइन के लिए कई धारियों की संख्या के साथ प्रयोग किए. ढक्कन पर कम धारियां होने पर उसकी सील लीक होकर कार्बन डाइऑक्साइड निकल जाती थी.

इसी तरह ज्यादा धारियां डालने पर ढक्कन भंगुर होकर टूट जाता था. कई प्रयासों के बाद 21 धारियों की संख्या पर ही सही संतुलन संभव हो पाया, यह उन्होंने महसूस किया.

21 धारियां होने पर ढक्कन अंदर के कार्बोनेशन के दबाव को सहने के लिए पर्याप्त मजबूत होता है. साथ ही बोतल ओपनर से आसानी से खोले जाने के लिए सरल भी रहता है. यह 21 की संख्या यांत्रिक सिद्धांतों के अनुसार बोतल के ढक्कन पर स्थिर पकड़ बनाने में मदद करती है. शुरुआत में कुछ ढक्कन 24 धारियों के साथ बनाए गए थे, लेकिन स्वचालित भरने की मशीनों में वे फंसकर प्रोडक्शन में रुकावट पैदा करते थे. इसके साथ ही 21 धारियों वाला डिजाइन अंतरराष्ट्रीय मानक बन गया.

# बच्चों को पिलाएं गर्मागर्म लपसी

**सर्दी-खांसी के मौसम में बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना बहुत जरूरी है. ऐसे में पोषक तत्वों से भरपूर लपसी एक बेहतरीन घरेलू उपाय साबित हो सकती है. यह न केवल शरीर को गर्म रखती है, बल्कि पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है. बेसन, गुड़ और घी से बनी यह लपसी शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती है. सेहतमंद होने के साथ-साथ इसका स्वाद भी बच्चों को बेहद पसंद आता है. इसे बनाना भी बहुत आसान है, जिससे आप इसे रोजाना अपने बच्चे को परोस सकती हैं. आइए जानते हैं इसे बनाने की सरल विधि.**




### सामग्री :

- 1.5 चम्मच घी
- 1.5 चम्मच बेसन
- 1.5 चम्मच गुड़
- 1 कप पानी
- 1 चुटकी सेंधा नमक
- 1 चुटकी सफेद मिर्च पाउडर
- 1-2 चुटकी इलायची पाउडर

### बनाने की विधि:

सबसे पहले भारी तले वाली कड़ाही को गैस पर रखें और गर्म करें. इसमें घी डालकर पिघला लें. घी पिघलने के बाद इसमें बेसन डालें और धीमी आंच पर भूनें. अगर मिश्रण अधिक ड्राई लगे तो थोड़ा घी और डालें. अगर अधिक गीला लगे तो थोड़ा और बेसन डालें.



जब बेसन से खुशबू आने लगे, तो इसमें गुड़ डालें और इसे अच्छी तरह मेल्ट होने दें. अब इसमें एक कप पानी डालें और लगातार चलाते रहें ताकि गांठें न बनें. इसके बाद सफेद मिर्च, इलायची पाउडर और सेंधा नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं. जब लपसी हल्की गाढ़ी हो जाए, तो इसे किसी बर्तन में निकालें और गर्मागर्म परोसें. यह स्वादिष्ट और पोषक लपसी बच्चों को सेहतमंद रखने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है.

# बढ़ता प्रदूषण कहीं बढ़ा न दे हार्ट अटैक का खतरा

### हार्ट को हेल्दी रखने के लिए करें ये जरूरी उपाय

वायु प्रदूषण हमारी सेहत के लिए कई प्रकार से खतरनाक है। राजधानी दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर जिस तरह से बढ़ता जा रहा है उसे लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। हवा की खराब होती गुणवत्ता को देखते हुए दिल्ली में ग्रैप-4 लागू कर दिया गया है ताकि प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सके।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, जिन लोगों को पहले से ही किसी प्रकार की क्रोनिक बीमारी है, उनके लिए प्रदूषित हवा और भी दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है, इसलिए प्रदूषण से बचाव को लेकर गंभीरता से ध्यान देते रहना जरूरी है।

डॉक्टर कहते हैं, प्रदूषण से फेफड़ों को तो नुकसान होने का खतरा रहता ही है, साथ ही लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों का जोखिम हो सकता है। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से हृदय स्वास्थ्य की समस्या रही हो उन्हें प्रदूषण वाले दिनों में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। हवा की खराब होती गुणवत्ता हृदय के लिए गंभीर दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।



### हवा में बढ़ रहे हैं खतरनाक प्रदूषक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्मॉग का ये मौसम सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन गया है, । वाहनों से निकलने वाला धुंआ, औद्योगिक गतिविधियां, पराली और निर्माण कार्यों की धूल जैसे कारक हवा में पार्टिकुलेट मैटर (PM2.5), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड के स्तर को बढ़ाने वाली हो सकती है। स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण हर साल वैश्विक स्तर पर लगभग 4.2 मिलियन (42 लाख से अधिक) असामयिक मौतें होती हैं, जिनमें से कई हृदय रोगों से जुड़ी होती हैं। यही कारण है कि प्रदूषण वाले दिनों में हृदय स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

### हृदय की गंभीर समस्याओं का बढ़ सकता है खतरा

वायु प्रदूषण के कई नुकसान हैं, हृदय रोगों के शिकार जो लोग लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहते हैं उनमें हार्ट अटैक और हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों का जोखिम बढ़ सकता है। एक अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण में मौजूद अल्ट्राफाइन कणों के संपर्क में आने के कारण दिल के दौरे की समस्याएं ट्रिगर हो सकती हैं।

इसके अलावा प्रदूषण रक्त वाहिकाओं को संकरा और सख्त बना देता है, जिससे रक्त का प्रवाह कठिन हो जाता है और थक्के बनने की आशंका बढ़ सकती है। इसके अलावा वायु प्रदूषण के कारण हृदय की विद्युत प्रणाली भी प्रभावित हो सकती है, जिससे दिल की धड़कनों में अनियमितता का खतरा हो सकता है।

### कैसे रखें हृदय का ख्याल

- अपने हृदय स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के जोखिमों को कम करने के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं।
- वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से बचें। सुबह और शाम के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न जाएं।
- जब वायु गुणवत्ता खराब हो, तो अंदर रहें और खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें।
- जब आपको बाहर जाने की जरूरत हो, तो मास्क जरूर पहनें।
- इनडोर वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए एयर क्लीनर का उपयोग करें। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और स्वास्थ्य की जांच करवाएं और स्वस्थ आहार लें।

## आज का राशिफल

**मेष** : नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है।

**वृषभ** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बिगड़े काम बनेंगे। जल्दबाजी से हानि संभव है। अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन** : किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें।

**सिंह** : आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** : यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**तुला** : व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें।

**वृश्चिक** : थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा।

**धनु** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। लाभ होगा। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। विवाद न करें।

**मकर** : व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। अनहोनी होने की आशंका रहेगी।

**कुंभ** : नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे।

**मीन** : रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे। भाग्य अनुकूल है.

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सर्दियों में मेथी खाने के 5 बड़े फायदे

**सर्दियां शुरू होते ही बाजार में हरा साग नजर आने लगता है। हरा साग ना सिर्फ खाने में बेहद स्वाद होता है बल्कि सेहत से जुड़े कई फायदे भी लेकर आता है। सेहत से जुड़े इसके फायदों को देखे हुए इसकी गिनती सुपरफूड्स में की जाती है। हरे साग में शामिल मेथी के पत्ते भी ऐसे ही औषधीय गुणों का खजाना माने जाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार मेथी में विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, फाइबर और पोटैशियम भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। जो वेट लॉस से लेकर शुगर कंट्रोल करने तक में मदद करते हैं। मेथी की तासीर गर्म होने की वजह से यह सर्दियों में शरीर में गर्मी पैदा करके बॉडी के तापमान को स्थिर बनाए रखने में मदद करती है। आइए जानते हैं सेहत से जुड़े मेथी खाने के कई गजब के फायदे।**

### डाइजेशन

मेथी में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा मौजूद होती है। जो पाचन से जुड़ी समस्याओं को कम करके कब्ज, गैस और अपच में राहत देते हैं।

### वेट लॉस

सर्दियों में लोग अकसर वजन बढ़ने की शिकायत करते हैं। अगर आपका हाल भी कुछ ऐसा ही है तो अपनी विंटर डाइट में मेथी को जगह दीजिए। मेथी में मौजूद फाइबर भोजन को पाचने में मदद करता है। बता दें, मेथी में फाइबर ज्यादा और कैलोरी कम होती है, जिससे व्यक्ति को जल्दी-जल्दी भूख नहीं लगती है और पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इसके पत्तों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स मेटाबॉलिज्म बेहतर बनाए रखकर फैट बर्न को आसान बनाते हैं।



### कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मेथी आपकी मदद कर सकती है। मेथी के दानों में नारिंगेनिन नामक फ्लेवोनोइड गुण शामिल होता है। यह ब्लड में लिपिड के स्तर को घटाने का काम करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण हाई कोलेस्ट्रॉल को घटाने में भी मदद कर सकते हैं।

### डायबिटीज

डायबिटीज रोगियों के लिए फाइबर से भरपूर मेथी का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। मेथी के पत्तों में अमीनो एसिड होता है जो शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है।

### अर्थराइटिस के दर्द में राहत

बढ़ती उम्र में जोड़ों में सूजन और दर्द की समस्या होने लगती है। ऐसे में मेथी की सब्जी इस दर्द से निजात पाने में मदद कर सकती है। मेथी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण शामिल होते हैं। जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करते हैं।

# घर में चींटियों का आतंक?

- **मक्खियां और कीड़े भी बन गए हैं सिरदर्द!**
- **ये घरेलू उपाय उन्हें पल भर में खदेड़ेंगे!**

घर में चींटियों, मक्खियों और अन्य कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए घरेलू उपाय जैसे सिरका, नींबू, नीम और लौंग बेहद प्रभावी हैं. इन उपायों से न सिर्फ कीड़े दूर होते हैं, बल्कि घर की सफाई भी बनी रहती है.

घर में चींटियों, मक्खियों या अन्य कीड़ों का आतंक बढ़ने पर परेशानी का कोई अंत नहीं होता.

ये छोटे-छोटे कीड़े जो घर में हर जगह छिपे रहते हैं, न सिर्फ हमारी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं, बल्कि परेशानी भी पैदा करते हैं. लेकिन आप घरेलू उपायों से इनसे छुटकारा पा सकते हैं.

घर से चींटियों और मक्खियों को हटाने का सबसे प्रभावी तरीका है घर को साफ-सुथरा रखना. इसके अलावा, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि घर में सड़ते हुए फल न हों.



चींटियों और मक्खियों को दूर करने के लिए, सिरके और नींबू का रस पानी में मिला कर इस मिश्रण से घर की सफाई करें या इसे घर में छिड़कें. इसमें एसिडिक तत्व होते हैं, जो चींटियों और मक्खियों को दूर करने में बहुत प्रभावी होते हैं.

नीम की पत्तियां और लौंग प्राकृतिक कीटनाशक का काम करती हैं. नीम की पत्तियां कीड़ों को दूर करती हैं और लौंग की खुशबू भी कीड़ों को भगाती है.

मक्खियां पुदीने की पत्तियों की खुशबू बिल्कुल सहन नहीं कर पातीं. अगर आप पुदीने की पत्तियां बाजार से लाकर घर में रखें, तो मक्खियां जल्दी ही घर छोड़ देंगी.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# मोदी बोले- सदन में ड्रामा नहीं, डिलीवरी चाहिए

- धनखड़ को फेयरवेल नहीं मिला, इसका दुख -खड़गे
- नड्डा बोले- डॉक्टर को तकलीफ बताइए



**नई दिल्ली.** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। दोनों सदनों में SIR और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। उन्होंने कहा, 'विपक्ष हाल के चुनावों में पराजय की निराशा से बाहर निकले और सदन में मजबूत मुद्दे उठाए। अगर विपक्ष चाहे तो मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हैं कि कैसे परफॉर्म किया जाए।

PM ने कहा- यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं।

PM ने इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया और उनके अभिवादन में स्पीच दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का अभिवादन किया। खड़गे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला। खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा- आपको बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र की हार ने काफी तकलीफ पहुंचाई है। आपको अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताना चाहिए।

## पाकिस्तानी टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान की मदद से चल रहे एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जिसमें अलग-अलग राज्यों से 3 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इसका सरगना पाकिस्तान में रहने वाला गैंगस्टर शहजाद भट्टी है। खबर है कि इनके निशाने पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल था, जिसे हाल ही में अमेरिका से भारत लाया गया है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कहा जा रहा है कि मॉड्यूल के निशाने पर अनमोल बिश्नोई था। इसपर पुलिस ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। खास बात है कि अनमोल ने हाल ही में सुरक्षा याचिका दायर की थी, जिसमें भट्टी का जिक्र किया गया था और कहा गया था कि उसपर हमला किया जा सकता है।

# जो काटते हैं संसद में बैठे हैं

## कांग्रेस सांसद के बिगड़े बोल; कार में डॉगी लेकर आई थीं रेणुका चौधरी

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद के विवादित बोल के चलते पार्टी मुश्किल में फंसती नजर आ रही है। कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रेणुका चौधरी सोमवार सुबह अपनी कार में डॉगी को लेकर संसद पहुंची थीं। इस दौरान रेणुका चौधरी ने डॉगी की तुलना संसद में बैठे सांसदों और मंत्रियों से कर डाली। डॉगी लेकर आने पर खुद को सही ठहराते हुए रेणुका ने कहाकि जो काटते हैं, वह तो संसद के अंदर बैठे हुए हैं। रेणुका चौधरी के इस बयान पर भाजपा भड़क गई है। सत्ताधारी पार्टी ने इसे सांसदों और संसद भवन का अपमान बताया है।



कांग्रेस सांसद आज संसद पहुंची और शीतकालीन सत्र में हिस्सा लिया। हालांकि चौंकाने वाली बात यह रही कि उनके साथ कार में पालतू कुत्ता भी था। हालांकि उन्होंने डॉगी को कार से बिना उतारे ही घर भेज दिया। लेकिन उनके इस कृत्य को लेकर चर्चा छिड़ गई। यह भी बहस शुरू हो गई कि क्या यह संसदीय प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। हालांकि कांग्रेस सांसद डॉगी चलने के चलते हुई आलोचना से खुश नहीं थीं।

सांसद ने दावा किया कि संसद के लिए आते हुए रास्ते में उन्होंने इस कुत्ते को अडॉप्ट किया है। उन्होंने कहा कि क्या प्रोटोकॉल? क्या इस बारे में कोई नियम है। रेणुका चौधरी ने कहाकि मैं संसद भवन आ रही थी। मैंने एक जगह इस डॉगी को देखा। मुझे डर था कि यह किसी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। मैंने उसे उठाया और कार में लेकर यहां आ गई। इसके बाद मैंने उसे घर भेज दिया रेणुका चौधरी ने पूछा कि आखिर किसी की जान बचाने पर कोई कैसे आपत्ति कर सकता है?

# बाहुबली की पत्नी विभा देवी नहीं पढ़ पाईं शपथ

- पास बैठी JDU विधायक से बोलीं- छुटकी पढ़ ना, बता ना

**पटना.** 18वीं विधानसभा के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली। बाहुबली राजबल्लभ की पत्नी और नवादा से जदयू विधायक विभा देवी शपथ पत्र नहीं पढ़ पाईं। अटक-अटक के किसी तरह से शपथ पढ़ रही थीं। इस बीच उन्होंने पास बैठी विधायक मनोरमा देवी से बताने को कहा। फिर मनोरमा देवी के प्रॉम्प्ट करने के बाद उन्होंने टूट-फूटे शब्दों में शपथ ली।



वहीं बाहुबली अशोक महतो की पत्नी और वारिसलीगंज विधायक अनीता देवी ने बहुजन के नेताओं कोट करते हुए शपथ लेना शुरू किया। उन्होंने कहा, मैं बहुजन समाज की बेटी अनीता, रुहानी आशीर्वाद लेते हुए बाबा साहब को यादव करते हुए शपथ लेती हूं.... जिसके बाद प्रोटेम स्पीकर ने उन्हें टोका। उन्होंने दोबारा अपना नाम लेते हुए शपथ पढ़ी। बेतिया से बीजेपी विधायक और पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी ने सदन में गलत शपथ ली। जिसके बाद प्रोटेम स्पीकर ने उन्हें टोका और फिर से शपथ पढ़वाया।

**शपथ के बाद तेजस्वी के**

### अनंत सिंह समेत 6 विधायक की शपथ बाकी

मोकामा से निर्वाचित जदयू विधायक अनंत सिंह आज की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए हैं। चुनाव के दौरान हुई राजद नेता दुलारचंद की हत्या के आरोप में वो जेल में हैं। सदन की कार्यवाही कल मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आज 6 विधायक सदन नहीं पहुंचे, जिन्हें कल शपथ दिलाई जाएगी।

# सात समंदर पार से आए लाखों 'फ्लेमिंगो' पक्षी



- गुजरात में कच्छ का रण हुआ गुलाबी

**कच्छ.** गुजरात के कच्छ के रण में ठंड की दस्तक के साथ ही सायबेरिया, ईरान और यूरोप से विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। ठंड की शुरुआत में ही यहां 1 लाख से अधिक फ्लेमिंगो का जमावड़ा हो चुका है। गुलाबी पंखों वाले फ्लेमिंगों की इस भीड़ से कच्छ का रण का नजारा भी गुलाबी हो गया है।

पूर्वी कच्छ वन विभाग के मुख्य अधिकारी आयुष वर्मा ने बताया कि अभी तो इन विदेशी मेहमानों के आगमन का सिलसिला शुरू ही हुई है। दिसंबर के अंत तक इनकी संख्या तीन लाख तक पहुंच सकती है, जो कि पूरे कच्छ का सबसे अनोखा नजारा होगा। साइबेरिया, ईरान और यूरोप के ठंडे प्रदेशों से फ्लेमिंगो कच्छ के रण में हर साल सर्दियां बिताने आते हैं। इनके साथ पेंटास्टॉर्क, सफेद और गुलाबी रंग के लेसर व ग्रेटर सहित कई विदेशी पक्षी भी आते हैं। इन्हें देखने के लिए विदेशी मेहमान भी कच्छ आते हैं। गुजरात का रण ऑफ कच्छ खासतौर पर फ्लेमिंगो पक्षियों के प्रजनन स्थल के लिए मशहूर है। इसीलिए इसे फ्लेमिंगो सिटी भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान लाखों की संख्या में गुलाबी पंखों वालों फ्लेमिंगो इस दलदली क्षेत्र को गुलाबी रंग से भर देते हैं।

# विराट कोहली बोले- सिर्फ वनडे खेलूंगा

- टेस्ट में वापसी के कयास थे
- वर्ल्ड कप खेलने पर बैटिंग कोच बोले- अच्छा खेल रहे फिर यह सवाल क्यों




रांची में खेले गए पहले वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में विराट कोहली ने 135 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने साफ कहा कि अब उनका पूरा ध्यान सिर्फ वनडे क्रिकेट पर है।

वे पहले ही टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हाल की टेस्ट सीरीज में भारत की 0-2 से हार के बाद उनकी टेस्ट टीम में वापसी के कयास लग रहे थे, लेकिन रांची में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कोहली ने इन चर्चाओं को खत्म कर दिया।

कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके बयान के बाद जब उनके वर्ल्ड कप खेलने को लेकर सवाल पूछे गए, तो टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा- जब वे इतनी अच्छी फॉर्म में हैं, तो ऐसे सवाल उठाने की जरूरत ही क्या है?

### मैं मानसिक रूप से मजबूत- कोहली

मैच के बाद विराट कोहली ने कहा कि उनकी तैयारी पूरी तरह मानसिक होती है। उन्होंने बताया कि जब तक शरीर की स्थिति ठीक रहती है और वे मानसिक रूप से शार्प महसूस करते हैं, तब तक उन्हें खुद पर भरोसा रहता है। कोहली ने कहा कि वे मैच से पहले एक दिन का ब्रेक लेते हैं, क्योंकि अब 37 साल की उम्र में रिकवरी के लिए समय की भी जरूरत होती है।

उन्होंने कहा- मुझे पता है कब आराम करना है और कब खेलना है। वे 300 से ज्यादा वनडे खेल चुके हैं। कोहली के मुताबिक, अगर आप गेम के टच में हैं और नेट्स पर एक-दो घंटे बल्लेबाजी कर पा रहे हैं, तो आप जानते हैं कि आप सही स्थिति में हैं।

## खबरें गांव की...

### वरमाला के बाद दुल्हन आशिक संग भागी

**उन्नाव.** उन्नाव से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां कोतवाली क्षेत्र के गांव में शनिवार देर रात वरमाला के बाद दुल्हन गांव के ही युवक के साथ भाग निकली। काफी खोजबीन के बाद भी जब दुल्हन नहीं मिली तो दूल्हा और बारात बिना दुल्हन के ही वापस चली गई। मजदूर पिता ने अपनी बेटी की शादी धूमधाम से करने के लिए डेढ़ महीने पहले ही तीन बिस्वा भूमि 8 लाख रुपये में बेच दी थी। पुरवा कोतवाली के एक गांव में शनिवार को युवती की शादी थी। जनातियों ने बड़े ही धूमधाम से बारातियों का स्वागत किया। धूमधाम के बीच जयमाल पड़ा। वरमाला की रस्म खत्म होने के बाद दुल्हन अपने कमरे में चली गई, जबकि दूल्हा खाना पीना खाकर बारातियों के साथ जनवासे आ गया। इसी बीच रविवार अलसुबह भवरों की रस्म अदायगी का समय आया तो दुल्हन को कमरे से लेने के लिए घर वाले पहुंचे तो वह गायब थी।

### दारोगा ने फूंकीं ब्यूटी पार्लर संचालिका की स्कूटी और बाइक, सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद

**बागपत.** बागपत पुलिस लाइन में तैनात दरोगा ने मेरठ की कांशीराम कॉलोनी आकर वहां रहने वाली ब्यूटी पार्लर संचालिका को पहले फोन पर धमकी दी और उसके घर के बाहर खड़ी स्कूटी और दो बाइकें फूंक दीं। दरोगा पहले मेरठ में स्पा सेंटर को संरक्षण देने और दूसरे पक्ष को धमकाने के मामले में सस्पेंड हुआ था। कांशीराम कॉलोनी निवासी आयशा ब्यूटी पार्लर चलाती है। दरोगा स्नेहप्रकाश आजाद की पत्नी ब्यूटी पार्लर में आती थी। आयशा ने बताया 29 नवंबर की रात करीब 10 बजे दरोगा स्नेह प्रकाश घर आया और उत्पात मचाया था। बेटे ने पुलिस बुला ली थी। इससे पहले वह फोन पर मैसेज कर धमकी देता रहा। देर रात दो बजे दरोगा साथी के साथ कॉलोनी में आया। आयशा ने आरोप लगाया उसकी स्कूटी, बेटे की बाइक और एक अन्य बाइक को जला दिया। स्कूटी में दस्तावेज रखे हुए थे। फुटेज में दरोगा के देररात कॉलोनी में आने की पुष्टि हो गई। आयशा ने तहरीर दी।

### मोहब्बत का भेद खुलने के डर से वृद्ध महिला की हत्या, गर्लफ्रेंड संग युवक गिरफ्तार

**अलीगढ़.** यूपी के अलीगढ़ में जवां क्षेत्र के चंदोखा मोड़ पर 19 दिन पहले वृद्धा महिला की गोली मारकर हत्या का रविवार को जवां पुलिस ने खुलासा करते हुए गांव की युवती व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार युवती ने प्रेम संबंधों को छुपाने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर वृद्धा की हत्या की थी। चंदोखा निवासी वीरी सिंह बघेल का अनूपशहर रोड स्थित चंदोखा मोड़ पर खेत के कोने पर घेर है। वह एक गैस एजेंसी में चौकीदारी करते हैं। 11 नवंबर की रात को घेर पर उनकी 65 वर्षीय पत्नी चंद्रावती देवी व बेटा नरेंद्र था। रोज की तरह चंद्रावती घेर से बकरियों को लेकर रात करीब नौ बजे घर जा रही थीं। 50 मीटर आगे रास्ते में उनकी कनपटी पर गोली मार दी गई।


परिशिष्ट - 12

(प्रभागनिहाय अंतिम आरक्षण शासन राजपत्रात प्रसिध्दी करणे)

उल्हासनगर महानगरपालिका

# अधिसूचना

क्रमांकः एमसीओ-2025/प्र.क्र. 242/नवि-14, दिनांक 14 ऑगस्ट, 2025 ज्याअर्थी, नगर विकास विभागाने दिलेल्या कार्यक्रमानुसार उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या आगामी सार्वत्रिक निवडणुकीकरिता प्रभाग रचनेची अंतिम अधिसूचना क्रमांकः रानिआ/मनपा-2025/प्र.क्र. 12/का-5, दिनांक 13 ऑक्टोंबर, 2025 अन्वये शासन राजपत्रात प्रसिद्ध करण्यात आली आहे.

आणि ज्याअर्थी, राज्य निवडणूक आयोगाने क्रमांक रानिआ/मनपा-2025/प्र.क्र. 5/का-5, दिनांक 04 नोव्हेंबर, 2025 च्या पत्रान्वये अनुसूचित जाती, अनुसूचित जमाती व नागरिकांच्या मागासवर्ग प्रवर्गाच्या आरक्षणास मान्यता दिली आहे.

आणि ज्याअर्थी, राज्य निवडणूक आयोगाने क्रमांक- रानिआ/मनपा-2025/प्र.क्र. 43/का-5, दिनांक 24 ऑक्टोंबर, 2025 च्या आदेशान्वये आरक्षण सोडत काढून त्याची अंतिमरित्या प्रसिध्दी करण्याचे अधिकार संबंधित महानगरपालिका आयुक्त यांना प्रदान केले असून सदर आदेशास अनुसरुन दिनांक 27 ऑक्टोंबर, 2025 रोजी दिलेल्या कार्यक्रमानुसार उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या आरक्षित प्रभागांची जाहीर सोडत दिनांक 11 नोव्हेंबर, 2025 रोजी काढण्यात आली व प्रभागनिहाय आरक्षण प्रसिद्ध करुन त्यावर दिनांक 17 नोव्हेंबर, 2025 ते दिनांक 24 नोव्हेंबर, 2025 या कालावधीमध्ये हरकती व सूचना मागविण्यात आल्या.

आणि त्याअर्थी, मी मनिषा आव्हाळे, आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका यांसंदर्भात प्राप्त झालेल्या हरकती व सूचनांचा काळजीपूर्वक विचार करुन राज्य निवडणूक आयोगाने अधिसूचना क्रमांकः रानिआ/मनपा-2025/प्र.क्र. 12/का-5, दिनांक 13 ऑक्टोंबर, 2025 अन्वये उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या संदर्भात शासन राजपत्रात प्रसिद्ध केलेल्या निवडणूक प्रभागांमध्ये पुढील सार्वत्रिक निवडणुकीच्या प्रयोजनार्थ पुढीलप्रमाणे आरक्षण राहिल असे अधिसूचित करीत आहे -

## एकूण जागांचा तपशील

| अ. क्र. | प्रवर्ग | एकूण जागांची संख्या | पैकी त्या प्रवर्गातील महिलांकरिता आरक्षित जागांची संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाती | 13 | 07 |
| 2 | अनुसूचित जमाती | 01 | 01 |
| 3 | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग | 21 | 11 |
| 4 | सर्वसाधारण | 43 | 20 |
| | **एकुण** | **78** | **39** |

## प्रभागातील जागानिहाय आरक्षणाचा तपशील.

| अ. क्र. | प्रभाग क्रमांक | जागा क्र. | आरक्षण |
|---|---|---|---|
| 1 | | 1-अ | अनुसूचित जाती |
| 2 | 1 | 1- ब | अनुसूचित जमाती (महिला) |
| 3 | | 1-क | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 4 | | 1-ड | सर्वसाधारण |
| 5 | | 2- अ | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 6 | 2 | 2-ब | सर्वसाधारण (महिला) |
| 7 | | 2-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 8 | | 2-ड | सर्वसाधारण |
| 9 | | 3-अ | अनुसूचित जाती (महिला) |
| 10 | 3 | 3- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 11 | | 3-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 12 | | 3-ड | सर्वसाधारण |
| 13 | | 4- अ | अनुसूचित जाती |
| 14 | 4 | 4-ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 15 | | 4-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 16 | | 4-ड | सर्वसाधारण |
| 17 | | 5-अ | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 18 | 5 | 5-ब | सर्वसाधारण (महिला) |
| 19 | | 5-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 20 | | 5-ड | सर्वसाधारण |
| 21 | | 6 - अ | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 22 | | 6- ब | सर्वसाधारण (महिला) |
| 23 | 6 | 6-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 24 | | 6-ड | सर्वसाधारण |
| 25 | | 7- अ | अनुसूचित जाती (महिला) |
| 26 | | 7- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 27 | 7 | 7- क | सर्वसाधारण |
| 28 | | 7-ड | सर्वसाधारण |
| 29 | | 8- अ | अनुसूचित जाती (महिला) |
| 30 | | 8- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 31 | 8 | 8- क | सर्वसाधारण |
| 32 | | 8-ड | सर्वसाधारण |
| 33 | | 9- अ | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 34 | 9 | 9-ब | सर्वसाधारण (महिला) |
| 35 | | 9-क | सर्वसाधारण |
| 36 | | 10 - अ | अनुसूचित जाती |
| 37 | | 10- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 38 | 10 | 10- क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 39 | | 10-ड | सर्वसाधारण |
| 40 | | 11- अ | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 41 | | 11- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 42 | 11 | 11 क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 43 | | 11 ड | सर्वसाधारण |
| 44 | | 12 अ | अनुसूचित जाती (महिला) |
| 45 | | 12-ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 46 | 12 | 12-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 47 | | 12-ड | सर्वसाधारण |
| 48 | | 13- अ | अनुसूचित जाती |
| 49 | 13 | 13- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 50 | | 13-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 51 | | 13-ड | सर्वसाधारण |
| 52 | | 14- अ | अनुसूचित जाती (महिला) |
| 53 | | 14 - ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 54 | 14 | 14-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 55 | | 14-ड | सर्वसाधारण |
| 56 | | 15-अ | अनुसूचित जाती |
| 57 | | 15-ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 58 | 15 | 15-क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 59 | | 15-ड | सर्वसाधारण |
| 60 | | 16 - अ | सर्वसाधारण (महिला) |
| 61 | | 16 - ब | सर्वसाधारण (महिला) |
| 62 | 16 | 16- क | सर्वसाधारण |
| 63 | | 16- ड | अनुसूचित जाती |
| 64 | | 17 - अ | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 65 | | 17- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 66 | 17 | 17 - क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 67 | | 17 - ड | सर्वसाधारण |
| 68 | | 18- अ | अनुसूचित जाती (महिला) |
| 69 | | 18- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 70 | 18 | 18- क | सर्वसाधारण |
| 71 | | 18-ड | सर्वसाधारण |
| 72 | | 19- अ | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग |
| 73 | | 19 - ब | सर्वसाधारण (महिला) |
| 74 | 19 | 19 - क | सर्वसाधारण (महिला) |
| 75 | | 19-ड | सर्वसाधारण |
| 76 | | 20 - अ | अनुसूचित जाती (महिला) |
| 77 | 20 | 20- ब | नागरिकांचा मागासवर्ग प्रवर्ग (महिला) |
| 78 | | 20- क | सर्वसाधारण |

ठिकाण : उल्हासनगर
दिनांकः 02 डिसेंबर, 2025
**जा.क्र. उमपा /पीआरओ/408/2025**
**डि.01/12/2025**

सही/-
**(मनिषा आव्हाळे, भा.प्र.से)**
आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### डकैती के मामले में सभी सात आरोपी बरी

**ठाणे.** जिले की एक अदालत ने 6 साल पहले भिवंडी स्थित एक केबल कंपनी के गोदाम में हुई डकैती के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है. अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनकी पहचान, संलिप्तता तथा मकोका के तहत अपराध के आवश्यक शर्तों को साबित करने में विफल रहा. विशेष मकोका अदालत के न्यायाधीश वी. जी. मोहिते ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों की पहचान से लेकर बरामदगी तक साक्ष्य की पूरी कड़ी कानूनी और प्रक्रियात्मक खामियों से ग्रस्त थी.

# BJP 175 सीटों पर नगराध्यक्ष पद जीतेगी!

■ **नगरपालिका चुनाव को लेकर भाजपा का इंटरनल सर्वे**

**मुंबई.** राज्य में 246 नगर पालिका और 42 नगर पंचायत चुनाव के लिए प्रचार अपने आखिरी दौर में पहुंच गया है और अगले 2 दिनों में वोटिंग होगी और 3 दिसंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में BJP ने प्रचार के लिए अपनी बड़ी टीम उतार दी है और एक इंटरनल सर्वे भी किया गया है। BJP के इस सर्वे के मुताबिक, राज्य में BJP के 175 मेयर जीतेंगे। इसलिए, सर्वे का अनुमान है कि महागठबंधन और चुनाव नतीजों में BJP बड़े भाई के तौर पर नजर आएगी। इसलिए, BJP कार्यकर्ताओं को बड़ी जीत का भरोसा है। राज्य में लोकल बॉडी चुनाव का बिगुल बज चुका है और नगर निगम चुनाव का प्रचार अब दो दिनों में खत्म हो जाएगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी चीफ मिनिस्टर



प्रचार में लगे हुए हैं और नागरिकों और वोटरों को विकास और फंड का भरोसा दिला रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि BJP ने इस कैंपेन में बड़ी लीड ले ली है और BJP के स्टेट प्रेसिडेंट समेत कई मिनिस्टर्स कैंपेन के लिए म्युनिसिपैलिटीज़ में घूम रहे हैं। अब, BJP का एक इंटरनल सर्वे सामने आया है और कहा जा रहा है कि इन म्युनिसिपल काउंसिल इलेक्शन में BJP ही बड़ा भाई साबित होगी। सर्वे का अंदाज़ा है कि राज्य में BJP के 175 मेयर चुने जाएंगे। चीफ मिनिस्टर देवेंद्र फडणवीस, चंद्रशेखर बावनकुले और रवींद्र चव्हाण अलग-अलग जिलों में ज़ोर-शोर से कैंपेन कर रहे हैं। BJP राज्य में 242 जगहों पर मेयर पद के लिए मैदान में है, जबकि महायुति के कैंडिडेट 46 जगहों पर मैदान में हैं। इसलिए, क्योंकि BJP के सबसे ज़्यादा जगहों पर कैंडिडेट हैं, इसलिए माना जा रहा है कि BJP ही बड़ा भाई साबित होगी।

### हम 200 जगहों पर नगराध्यक्ष पद जीतेंगे - चंद्रकांत पाटिल



महाराष्ट्र में कुल 280 सीटों पर इलेक्शन चल रहे हैं। इनमें से BJP कमल पर चुनाव लड़ रही है। इनमें से 200 में मेयर पद के लिए होने वाले चुनाव में BJP की जीत का भरोसा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने जताया था। राज्य में नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार अभियान को अचानक प्रतिक्रिया मिल रही है, यह कोई भीड़ नहीं है। देवेंद्र फडणवीस, हम आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए हमें इस चुनाव में बिहार और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जैसी सफलता मिलेगी, चंद्रकांत पाटिल ने कहा था। चंद्रकांत पाटिल ने कहा था कि हमें भरोसा है।

### पूर्व शैक्षणिक काउंसलर पर धोखाधड़ी का मामला

**ठाणे.** शहर में एक शैक्षणिक संस्थान के पूर्व अकादमिक काउंसलर के खिलाफ छात्रों को धोखा देने और उनकी जानकारी का दुरुपयोग करके फर्जी तरीके से पैसे वसूलने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस के मुताबिक विश्लेषिकी और प्रौद्योगिकी में छात्रों को प्रशिक्षण देने वाले इस संस्थान में आरोपी ने इस साल जुलाई में काम पर आना बंद कर दिया था. नौपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने संस्थान में कार्यरत न होने के बावजूद छात्रों से संपर्क करना जारी रखा और खुद को संस्थान का कर्मचारी बताकर गलत तरीके से 48,866 रुपये ऐंठ लिए.

## राजेश अग्रवाल ने चीफ सेक्रेटरी का चार्ज संभाला



**मुंबई.** नए नियुक्त चीफ सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने आज जाने वाले चीफ सेक्रेटरी राजेश कुमार से चार्ज ले लिया। नए चीफ सेक्रेटरी अग्रवाल ने भरोसा जताया कि वे महाराष्ट्र के विकास और शान को बढ़ाने के लिए असरदार तरीके से काम करते रहेंगे।

केंद्र से डेपुटेशन से लौटे राजेश अग्रवाल को सरकार ने दो दिन पहले चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया था। इसके मुताबिक, अग्रवाल ने राज्य के 47वें चीफ सेक्रेटरी के तौर पर चार्ज संभाला। अग्रवाल को चीफ सेक्रेटरी के तौर पर एक साल का टर्म मिलेगा। इस साल रिटायर हो रहे अधिकारी इकबाल सिंह चहल, भूषण गगरानी, दीपक कपूर, अनिल डिग्गीकर और ओ. पी. गुप्ता चीफ सेक्रेटरी बनने का मौका चूक गए हैं।

चहल सबसे सीनियर चीफ सेक्रेटरी थे, जबकि जाने वाले चीफ सेक्रेटरी राजेश कुमार को पहले तीन महीने का एक्सटेंशन दिया गया था।

**ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में**

## कॉलेज स्टूडेंट स्ट्रीट प्ले का फाइनल कल

**ठाणे.** स्टूडेंट्स में सोशल अवेयरनेस लाने और ज़िम्मेदार नागरिकता की भावना बढ़ाने के मकसद से ठाणे पुलिस आयुक्तालय और नेशनल सर्विस स्कीम (NSS) के साथ मिलकर सितंबर महीने में ठाणे ज़िले के अलग-अलग कॉलेजों में स्ट्रीट प्ले कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किया गया था। इस कॉम्पिटिशन में जीतने वाली 15 टीमों के बीच कॉम्पिटिशन का फाइनल राउंड बुधवार 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ठाणे के डॉ. काशीनाथ घानेकर नाट्यगृह के मिनी थिएटर में होगा। कॉम्पिटिशन में जीतने वाली पहली तीन टीमों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और कैश प्राइज़ दिए जाएंगे। यह जानकारी ठाणे यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने दी।

ठाणे शहर यातायात की ओर से सितंबर-2025 के महीने में ठाणे जिले के अलग-अलग 33 कॉलेजों में एक नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई जो कॉलेज के छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम, नशा मुक्ति जैसे जनहित के विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने का एक शानदार मंच था। इसमें कॉलेजों के छात्रों और NSS इकाइयों ने उत्साह से भाग लिया और इस अभियान के बारे में जागरूकता पैदा की। परिवहन शाखा द्वारा पहली बार लागू की गई इस अभिनव पहल में NSS ठाणे जिला समन्वयक जीवन विचारे का महत्वपूर्ण योगदान मिला। इसमें कल्याण के छह कॉलेजों के 70 छात्र, ठाणे-डोंबिवली के 12 कॉलेजों के 120 छात्र, उल्हासनगर के छह कॉलेजों के 55 छात्र, भिवंडी के छह कॉलेजों के 60 छात्र और भायंदर के तीन कॉलेजों के 30 छात्र शामिल थे। इनमें से कल्याण से 3, ठाणे-डोंबिवली से 3, उल्हासनगर से 3, भिवंडी से 3 और भायंदर से 3 छात्र फाइनल राउंड में पहुंचे। इन 15 टीमों के बीच फाइनल मुकाबला बुधवार 3 दिसंबर को डॉ. काशीनाथ घानेकर थिएटर के मिनी थिएटर में होगा।

रोड सेफ्टी साइबर क्राइम और नशे की लत के बारे में जागरूकता का असरदार मैसेज फैलाने के लिए, फाइनल राउंड में हिस्सा लेने वाली 15 टीमों के ये नुक्कड़ नाटक ठाणे जिले के सभी स्कूल और कॉलेजों में भी प्रेजेंट किए जाएंगे। स्टूडेंट्स का टैलेंट देखने के लिए सभी को डॉ. काशीनाथ घानेकर नाट्यगृह में मौजूद रहना चाहिए।

## फर्जी हस्ताक्षर से 112 करोड़ के गबन की साजिश, नगराध्यक्ष गिरफ्तार

**जव्हार.** नकली सिगनेचर और चेक से 112 करोड़ रुपए का गमन करने वाले विक्रमगढ़ के नगराध्यक्ष नीलेश पड़वले सहित अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बता दें कि पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट जव्हार के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नितिन भोये ने जव्हार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद इस मामले के मुख्य संदिग्ध ओ वी कंस्ट्रक्शन के मालिक और विक्रमगढ़ के मौजूदा मेयर नीलेश उर्फ पिंका पडवले को गिरफ्तार कर लिया गया।

बैंक चेक मामले ने जिले में हलचल मचा दी है, और जब यह बात सामने आई कि पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाला एक कर्मचारी भी इस क्राइम में शामिल था, तो उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।




जव्हार के संदिग्धों को कोर्ट में पेश करने के बाद, उन्हें छह दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। मामले में पडवले का सीधा हाथ होने का पता चला। उनके साथ, इस मामले में यज्ञेश अंभीरे को भी गिरफ्तार किया गया। अंभीरे पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के एम्प्लॉई नहीं थे, बल्कि उन्हें ऑफिस में टेम्पररी काम दिया गया था। उनकी सैलरी भी पिंका पडवले देते थे।

बैंक अधिकारियों ने भी चेक पर लगे स्टैम्प, तारीख और सिग्नेचर को शक के घेरे में देखकर ट्रांज़ैक्शन रोक दिया और पुलिस को इन्फॉर्म किया। एस बी आई ब्रांच मैनेजर संजय कुजूर और कर्मचारी राहुल सोनवणे ने मामले का खुलासा किया। उनकी मुस्तैदी की वजह से सैकड़ों करोड़ का सरकारी नुकसान टल गया।

यज्ञेश अंभीरे नकली सिग्नेचर और हैंडराइटिंग वाला चेक डिमांड ड्राफ्ट के लिए बैंक ले गए थे। लेकिन, जब उन्होंने इसे नहीं लिया, तो बैंक मैनेजरों ने कहा कि ओ वी कंस्ट्रक्शन के मालिक नीलेश पडवले और अन्य दो लोग पूछताछ के लिए बैंक आए थे। इसलिए, उन दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है।

## वागले इस्टेट में संत निरंकारी मिशन द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

■ **329 जरुरतमंद नागरिक लाभान्वित**

**ठाणे.** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की दिव्य दिशा-निर्देश और कल्याणकारी शिक्षाओं के अनुरूप, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के संतुलन द्वारा समग्र कल्याण पर बल देते हैं, संत निरंकारी मिशन मानव-कल्याण के लिए समर्पित सेवामूलक प्रयासों का नेतृत्व निरंतर करता आ रहा है। इन्हीं प्रेरणादायी विचारों से प्रेरित होकर, संत निरंकारी मिशन के सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फ़ाउंडेशन के माध्यम से रविवार, 30 नवंबर को संत निरंकारी सत्संग भवन, वागले एस्टेट, साठे नगर, ठाणे में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 329 नागरिकों ने लाभ प्राप्त किया।




यह स्वास्थ्य शिविर मिशन के भक्तों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी उपलब्ध था, जिन्होंने बड़ी संख्या में पहुँचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच सुविधाओं का लाभ उठाया। इससे समाज की समग्र स्वास्थ्य के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जाँच, ई.एन.टी., ई.सी.जी., फिजियोथेरपी, कायरोप्रैक्टिक सेवाएँ, दंत चिकित्सा, रक्त शर्करा एवं रक्तचाप जाँच, मैमोग्राफी, बोन डेंसिटी जाँच, स्त्री रोग (गाइनैकॉलॉजी) और शिशु रोग (पीडियाट्रिक्स) शामिल थे। नागरिकों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, उपचार एवं दवाइयाँ प्रदान की गईं, साथ ही महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पूर्व नगरसेवक श्री एकनाथ भोजी की उपस्थिति में किया गया, जिन्होंने समाज कल्याण हेतु मिशन के निरंतर प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में ऐसे सेवामूलक उपक्रमों के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## प्रशासन की सतर्कता से मुरबाड़ में दो बाल विवाह रोकने में सफलता

**ठाणे.** 23 नवंबर को कंट्रोल चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) पुणे से 24 नवंबर 2025 को होने वाली दो 16 साल की लड़कियों की बाल शादी के बारे में जानकारी मिली। उनकी शादी कल है और आज शाम 7 बजे हल्दी है। इसके अनुसार, उनकी पूरी जानकारी ली गई। जब इस बारे में तुरंत डिस्ट्रिक्ट महिला और बाल विकास अधिकारी, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन सेल को जानकारी दी गई, तो उन्हें बताया गया और उन्होंने इस बारे में प्रोटेक्शन अधिकारी और सामाजिक संगठनों से मदद लेने को कहा। इसके अनुसार, हमने सभी को इस बारे में बताया और मुरबाड़ पुलिस स्टेशन में लिखित जानकारी दी। उनकी मदद से चाइल्ड हेल्प



लाइन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, लोकल पुलिस डिपार्टमेंट, पुलिस पाटिल, महाराष्ट्र सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट और सेवा संगठन तुरंत कार्रवाई करने के लिए बताई गई जगह पर पहुंचे। लड़की उस जगह पर घर पर नहीं थी। हमारे जाने से पहले ही उन्होंने हल्दी को रोक दिया था। सबसे पहले, हमने उसके माता-पिता को सलाह दी और उन्हें बताया कि चूंकि हमारी लड़की 18 साल की नहीं है, इसलिए हम उसकी शादी नहीं कर सकते और अगर ऐसा हुआ, तो हम चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन एक्ट 2006 के अनुसार कानूनी कार्रवाई करेंगे। इसके अनुसार, उसके माता-पिता इस बात पर सहमत हुए कि हम अपनी बेटी की शादी तब तक नहीं करेंगे जब तक वह 18 साल की नहीं हो जाती। साथ ही, जब हमने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन मैडम को फोन पर बाल विवाह के बारे में बताया, तो उन्होंने माता-पिता से फोन पर बात की, माता-पिता और लड़की की सलाह ली और उन्हें 24 नवंबर 2025 को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश होने के लिए कहा।

## कांस्टेबल की पत्नी ने कर ली आत्महत्या

**परिवार वालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज**

**मुंबई.** एक दुखद घटना में, मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस कांस्टेबल की पत्नी ने कथित तौर पर अपने मीरा रोड वाले घर में आत्महत्या कर ली। उसके पति और उसके तीन परिवार वालों, जिसमें पिता, मां और बहन शामिल हैं, के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। इस कपल ने इसी साल अप्रैल में शादी की थी। महिला की पहचान स्वाति चाटे के तौर पर हुई है, और उसके पति प्रभु चाटे मीरा रोड के लखमी पार्क में किराए पर रहते थे। 2023 मीरा-भायंदर वसई विरार भर्ती अभियान में चुने जाने के बाद प्रभु ने कांस्टेबल के तौर पर काम किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी शादी में मुश्किल से एक हफ्ते में ही दिक्कतें शुरू हो गईं। शादी के आठवें दिन, प्रभु कथित तौर पर नशे में घर लौटा, जिससे स्वाति ने नाराज़गी जताई। उसने उसे शराब पीना बंद करने के लिए भी कहा; हालांकि, उसके बार-बार कहने के बावजूद, उसकी शराब पीने की समस्या जारी रही। इसके अलावा, स्वाति को अपने ससुराल वालों की तरफ से मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ी।

अपनी ननद की प्रेग्नेंसी के दौरान, स्वाति को परिवार की मदद के लिए पुणे भेज दिया गया था। इस दौरान, कहा जाता है कि उसे अपने ससुराल वालों, जिसमें उसके ससुर, सास और ननद शामिल थे, से लगातार शक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा।


### आम सूचना

मैं श्रीमती सोनाली रोशन त्रिथानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 102, पहला माला, धीरज को-आप. हाउसिंग सोसायटी लि., प्लाट नं. 738/2 व 740/2, शीट नं. 61, बलराम अपार्टमेंट के सामने, बैंक आफ बड़ौदा के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 12बीआय015402900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती उषा भगवानदास पिंजानी व श्री राजकुमार भगवानदास पिंजानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.11.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सोनाली रोशन त्रिथानी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती लता राजू छाब्रिया सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 46, छठा माला, सरदार अलूसिंह को-आप. सोसायटी लि., प्लॉट नं. 267, यू.नं. 128, सेक्शन 26, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 48सीओ010617000) उक्त प्रॉपर्टी मिस अल्का राजू छाब्रिया व श्री अमिल राजू छाब्रिया के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 29.11.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती लता राजू छाब्रिया**

### CHANGE OF NAME

I Declare My Old Name from **SIDDIQUI MOHAMMED SALIM HABIB AHMED** to now My New Name is **SALIM HABIB SIDDIQUI.** So all the public now call me **SALIM HABIB SIDDIQUI.**

(Add: Shahad Fatak, Shivaji Road, M.T. Company, Prem Kirana Store Opp, Ulhasnagar-421001. Dist Thane).


## धार्मिक भावनाएं आहत करने का रणवीर सिंह पर आरोप

■ **मंच से ऋषभ शेट्टी के सामने कांतारा में दिखाई गईं देवी को कहा भूत, मिमिक्री कर मजाक उड़ाया**

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह हाल ही में IFFA (इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया) का हिस्सा बने थे। इस दौरान मंच पर एक्टर ने फिल्म कांतारा में दिखाई गईं चावुंडी (चामुंडा) देवी का मजाक बनाया, जिससे उन पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप लग रहे हैं।

फिल्म फेस्टिवल में रणवीर सिंह ने फिल्म के डायरेक्टर और एक्टर ऋषभ शेट्टी से कहा, 'ऋषभ मैंने इसे (कांतारा) थिएटर में देखा था। वो एक आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस थी, खासकर जब फीमेल घोस्ट (भूत) आपके शरीर में आती है। वो परफॉर्मेंस, वो एक शॉट आउटस्टैंडिंग था।'

आगे रणवीर सिंह ने कहा, 'क्या आपने कांतारा देखी है। जब वो शॉट आता है'। आगे रणवीर सिंह ने खुद उस कैरेक्टर की मिमिक्री करते हुए मजाक उड़ाया।

आगे रणवीर ने कहा, 'क्या यहां कोई है, जो मुझे कांतारा 3 में देखना चाहता है, वो इस आदमी से कहे।'

फिल्म फेस्टिवल से रणवीर सिंह का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वो मंच से उतरने के बाद भी ऋषभ शेट्टी के सामने चावुंडी देवी की मिमिक्री करते दिखे हैं, हालांकि ऋषभ शेट्टी लगातार इशारा कर उन्हें रोकते नजर आए हैं।

फिल्म फेस्टिवल से रणवीर सिंह का वीडियो सामने आने के बाद लोग उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं।



**एसएसटी महाविद्यालय के छात्राओं की जिला स्तरीय**

## आट्या-पाट्या प्रतियोगिता में उल्लेखनीय जीत

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा आयोजित जिला स्तरीय आट्या-पाट्या प्रतियोगिता 2025-26 में एसएसटी महाविद्यालय की 19 वर्ष से कम आयु की लडकियो की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। सेंचुरी हाईस्कूल, शाहाड में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था।



एसएसटी महाविद्यालय की खिलाड़ीयोने ने रणनीति, गति और फुर्ती का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत करते हुए प्रतिस्पर्धी टीमों को मात दी। मैच के दौरान दिखाए गए उनका सामंजस्य, कौशल और खेल भावना सभी का ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। इस सफलता से महाविद्यालय की क्रीड़ा उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण नोंद जुड़ गई है।

विजय के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, क्रीड़ा प्रशिक्षक प्रा. राहुल अकुल, प्रा. पुष्कर पवार तथा महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने विजेता टीम का सत्कार करते हुए उनका अभिनंदन किया। साथ ही खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ और प्रोत्साहन प्रदान किया। पारंपरिक भारतीय खेल आट्या-पाट्या में बालिकाओं द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण सिद्ध हुई है।









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099